कार्यालय कुलसचिव

चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,कानपुर (उ0प्र0)

पत्रांकःसीएसएयू/आर– 1798 /2024 दिनांकः 26/9/2024

प्रभारी, ए0के0एम0यू0
च0 शे0 आ0 कृषि एवं प्रौ0 विश्वविद्यालय,
कानपुर।

विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह दिनांक 04 अक्टूबर, 2024 के दौरान समस्त उपाधि प्राप्तकर्ताओं के अनुपालन हेतु बिन्दुवार दिशा–निर्देश इस कार्यालय द्वारा तैयार किया गया है, जिसे विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें ताकि समस्त उपाधि प्राप्तकर्ताओं छात्र/छात्राओं को सूचना अतिशीघ्र प्राप्त हो सके।

संलग्नक–यथोपरि।

कुलसचिव

पत्रांक एवं दिनांक उपरोक्त।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण को इस आशय से प्रेषित कि अपने अधीन समस्त छात्रावास के सूचना पट्ट पर चस्पा करा दें।
2. कुलपति के तकनीकी सचिव को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।
3. गार्ड फाइल, कुलसचिव कार्यालय।

कुलसचिव

चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर

26वाँ दीक्षान्त समारोह

विश्वविद्यालय दीक्षान्त समारोह दिनांक 04 अक्टूबर, 2024 के दौरान समस्त उपाधि प्राप्तकर्ताओं के अनुपालन हेतु बिन्दुवार दिशा–निर्देश

1. समस्त उपाधि प्राप्तकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि कुलसचिव कार्यालय से दिनांक 03 अक्टूबर, 2024 तक अपनी–अपनी उपाधियाँ अवश्य प्राप्त कर लें।
2. दीक्षान्त समारोह का पूर्वाभ्यास (Reharshal) दिनांक 03 अक्टूबर, 2024 को अपरान्ह **3.00 बजे** से **''कैलाश भवन''** में होगा, जिसमें समस्त उपाधि एवं पदक प्राप्तकर्ताओं को अनिवार्य रुप से उपस्थित होना है।
3. समस्त उपाधि एवं पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्रायें दिनांक 04 अक्टूबर, 2024 दिन शुक्रवार को **''कैलाश भवन''** प्रेक्षागार में प्रातः 09.30 बजे तक अपना–अपना स्थान अवश्य ग्रहण कर लें। प्रातः 10.00 बजे के उपरान्त **''कैलाश भवन''** में प्रवेश निषेध होगा।
4. उपाधि प्राप्तकर्ताओं को आदेशित किया जाता है कि जब मा0 कुलाधिपति/मा0 कुलपति महोदय उपाधि प्रदान करने की घोषणा करेगें, उस समय अपनी–अपनी उपाधियों को सीने के समक्ष लेकर खड़े रहेगें।
5. कुलपति महोदय द्वारा दीक्षोपदेश दिया जायेगा, तो समस्त उपाधि प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं को केवल यह कहना है कि **''मैं प्रतिज्ञा करता/करती हूँ''** अन्त में कुलपति महोदय द्वारा कहा जायेगा, कि **''तुम्हारा जीवन मंगलमय हो''** उस समय समस्त उपाधि प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं द्वारा शान्त ही रहना है।
6. समस्त उपाधि एवं पदक प्राप्तकर्ता छात्र/छात्राओं द्वारा विश्वविद्यालय की गरिमा व प्रतिष्ठा बनाये रखने के लिये पूरा प्रयास करना है। **''कैलाश भवन''** में शान्तिपूर्ण वातावरण बनाये रखना आपका शिक्षित होने का प्रतीक है।
7. शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिये प्रेक्षागृह में आप सभी का सहयोग विश्वविद्यालय हित के लिये अति महत्वपूर्ण है।
8. समस्त उपाधि एवं पदक प्राप्तकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है, कि दीक्षान्त समारोह के शुभारम्भ से समापन तक प्रेक्षागृह में आपस में बातचीत एवं अनावश्करुप से घूमना–फिरना वर्जित रहेगा।
9. समस्त छात्र/छात्रायें दीक्षान्त समारोह के दौरान **''कैलाश भवन''** में अनुशासन बनाये रखेगें। किसी भी प्रकार से कोई अनुशासनहीनता न करें, जिससे विश्वविद्यालय परिवार की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े।

कुलसचिव